महत्वपूर्ण एवं खास

रायपुर स्टेशन में वन स्टेशन - वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत हर्बल मेडिसिनल प्रोडक्ट बिक्री स्टॉल का शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। 2022/पीआर/आर/11 आज दिनांक 09 अप्रैल 2022 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल स्टेशन पर भारत सरकार के द्वारा घोषित वन स्टेशन-वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत स्थानीय लोगों को अपने उत्पाद की बिक्री बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिला है। इसके तहत आज रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के मुख्य द्वार पर हर्बल मेडिसिनल प्रोडक्ट स्टॉल का शुभारंभ किया गया है। इस स्टॉल का परिचालन दिनांक 9 अप्रैल 2022 से 23 अप्रैल 2022 तक किया जाएगा। जिसका समय सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक यात्रियों की सुविधा हेतु खुला रहेगा। इस स्टॉल में विभिन्न हर्बल हेल्थ प्रोडक्ट के साथ-साथ सौंदर्य प्रसाधन के उत्पाद भी उपलब्ध किए गए हैं। इस स्टॉल का पहले दिन से ही आम जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ज्ञातव्य हो कि इस योजना के तहत पूरे देश भर के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर विभिन्न स्थानीय कारीगरों एवं उत्पादों के स्टॉल खोले गए हैं।

आईपीएल मैच में सट्टा लिखते 4 पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के न्यू राजेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लिखते दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वहीं नेवरा थाना पुलिस ने भी दो युवको को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों से कुल नगदी 24400 रूपये एवं 06 नग मोबाईल फोन जब्त किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने बीती रात करीब 11 बजे रिद्धि सिद्धी के पास महावीर नगर में आरोपी अजय पर्याणी पिता रमेश 35 वर्ष एवं गिरिश साधवानी पिता स्व. शंकरलाल 26 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 4610 रूपये एवं 04 नग मोबाईल फोन जब्त किया। इसी प्रकार नेवरा थाना पुलिस ने सांई धाम रोड ग्राम तुलसी नेवरा में बीती रात करीब 9 बजे आरोपी विजय चंदवानी पिता भीमसेन 32 वर्ष एवं अन्य एक साथी के साथ गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 19800 रूपये एवं 02 नग मोबाईल फोन जब्त किया है।

बस में यात्रा के दौरान बुजुर्ग की हुई मौत

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के बचेली थाना क्षेत्र में पंहुचे कांकेर रोडवेज की बस में बीती रात मेहतरु टेकाम उम्र 60 वर्ष निवासी अंतागढ़ मृत अवस्था में पाया गया, बस में यात्रा के दौरान ही उनकी मौत हो गई, मौत का कारण अज्ञात है, पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण ज्ञात होगा। मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ से मृतक मेहतरु टेकाम अपने पुत्र अमित टेकाम बचेली में रेलवे कर्मचारी है, उनसे मिलने के लिए शर्मा ट्रेवल्स बस में अंतागढ़ से बचेली के लिए निकले। जिसके बाद केशलूर के पास में बस खराब हो जाने की वजह से उन्हें बस बदलकर कांकेर रोडवेज क्रमांक सीजी 18 एफ 0927 में यात्रा करते हुए बचेली आना पड़ा। बताया जा रहा है, कि बचेली पहुंचने के पश्चात जब बस के कंडक्टर ने उनको उठाने की कोशिश की तो उसने पाया कि शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही है, जिसके बाद घबराकर उसने यह बात ड्राइवर को बताई इस बीच सारे यात्रियों को इस घटना की खबर लग चुकी थी, ड्राइवर एवं कंडक्टर ने थाना बचेली में बस खड़ी कर थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी, घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित पाटले ने कार्यवाही करते हुए अस्पताल को सूचित किया, अस्पताल से एम्बुलेंस व स्टाफ पंहुचकर व्यक्ति के मृत होने की पुष्टी की व मृतक के जेब से आधार कार्ड मिलने के बाद शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया गया। आज पोस्टमार्टम के बाद मौत के करण का पता लग पायेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण में 238 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

शिवरीनारायण में एसडीएम कार्यालय खोलने, खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर और शबरी मंदिर को विकसित करने की घोषणा

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारे महापुरूषों ने समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का काम किया है। यही हमारा, पूरे हिन्दुस्तान का रास्ता है। यही रास्ता हमें शांति की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि 'राम-काज किन्हें बिना, मोहे कहां विश्राम' की भावना के साथ हमें समाज को जोड़ने का कार्य करना है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रामनवमी के अवसर पर महानदी, शिवनाथ और जोंक नदियों के संगम पर स्थित छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवरीनारायण में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के तहत कराए गए प्रथम चरण के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण तथा विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद तीन दिवसीय भव्य समारोह के समापन के अवसर पर आम जनता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिवरीनारायण भगवान राम, प्रभु जगन्नाथ और माता शबरी की नगरी है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिवरीनारायण में एसडीएम कार्यालय खोलने, खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर और शबरी मंदिर को विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने शिवरीनारायण में 238 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकर्पण और भूमिपूजन किया। इनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रेता युग में भगवान राम ने भारत को जोड़ने का काम किया अयोध्या से लेकर श्रीलंका तक, द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने मथुरा से लेकर द्वारिका तक, शंकराचार्य जी ने दक्षिण से लेकर उत्तर तक, स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत को जोड़ने का काम किया है। जितने भी हमारे महापुरुष हुए उन्होंने समाज को जोड़ने का काम किया है विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में बांधने का काम किया।

उन्होंने कहा कि लेकिन आज भगवान राम को युद्धक राम और भगवान हनुमान को क्रोधित हनुमान के रूप में दिखाया जा रहा है, क्या हमारे भगवान ऐसे थे। मुख्यमंत्री ने रामायण मंडलियों के साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भी भगवान राम के रास्ते पर चलिए समाज को जोड़ने का काम करें, तोड़ने का नहीं। सभी को जोड़ने का काम हमारी मूल संस्कृति है, आज इसी दिशा में काम करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम वनगमन पर्यटन परिपथ में शामिल अन्य स्थानों को शिवरीनारायण जैसा ही केंद्र बनाएंगे और हम अपने वैभव को ऊंचाई तक लेकर जाएंगे. बघेल ने कहा कि हम शिवरीनारायण को केंद्र मानकर मल्हार, चंद्रहासिनी तथा गिरौधपुरी जा सकते हैं और यह स्थान अन्य को जोड़ने का काम करेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये गृह एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया और छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शिवरीनारायण मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार, उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण कार्य, रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर एवं पर्यटक सूचना केन्द्र, नदी घाट का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य, बाबा घाट पर माता शबरी की प्रतिमा, व्यूव प्वाइंट, शिवरीनारायण के अम्बेडकर चौक में संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का लोकर्पण किया।

हर युग हर काल में छत्तीसगढ़ का रहा है महत्वपूर्ण योगदान: भूपेश बघेल

- 'जरूरत इसे सहेजने और देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की है'
- सीएम ने रामनवमी पर रायपुर के ऐतिहासिक दूधाधरी मठ में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम-माता जानकी की पूजा-अर्चना की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रामनवमी के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित दूधाधारी मठ पहुंचकर वहां मंदिर प्रांगण में स्थित राम पंचायतन मंदिर, संकट मोचन भगवान हनुमान, भगवान बालाजी के मंदिरों में मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि के बीच विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मन्दिर प्रांगण स्थित राम पंचायतन मंदिर में भगवान राम, माता सीता और अपने तीनों भाइयों के साथ विराजे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने दूधाधारी मठ स्थित संकट मोचन हनुमान जी, बालाजी भगवान और राम पंचायतन मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और माता जानकी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने महंत राजेबलभद्र दास जी की समाधि के भी दर्शन किए।

इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राजेडॉ. रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण और श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दूधाधारी मठ पहुंचने पर महंत राजेरामसुंदर दास, मठ के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर युग, हर काल में छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। त्रेता युग से लेकर आधुनिक काल तक छत्तीसगढ़ का गौरवशाली योगदान और इतिहास रहा है, जरूरत इसे सहेजने, संवारने और देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने वनवास काल का सबसे अधिक समय छत्तीसगढ़ में बिताया था, इसलिए भगवान राम छत्तीसगढ़ में जहां-जहां से गुजरे थे, प्रथम चरण में उनमें से महत्वपूर्ण स्थलों का चयन कर उनका विकास राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष हमने चंदखुरी में कौशल्या माता मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का तथा पर्यटकों के लिए विकसित की गई सुविधाओं का भव्य कार्यक्रम में लोकार्पण किया था। आज रामनवमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ शिवरीनारायण में इस पर्यटन परिपथ के तहत मंदिर के जीर्णोद्धार और विकास कार्यों, पर्यटकों के लिए विकसित सुविधाओं, का लोकार्पण किया जा रहा है। आने वाले समय में अन्य स्थलों को भी विकसित किया जाएगा। बघेल ने कहा कि त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम छत्तीसगढ़ आए थे। बौद्ध काल का सबसे बड़ा स्मारक छत्तीसगढ़ के सिरपुर में है, जिसे भी विकसित किया जा रहा है।

आर्बिटेशन में निराकृत होगा डेवू पॉवर का भू-अर्जन का मामला

- हाईकोर्ट बिलासपुर ने आदेश पारित किया

कोरबा। डेवू पॉवर इण्डिया लिमिटेड के विद्युत संयंत्र के भू-अर्जन का मामला अब आर्बिटेशन के जरिये हल किया जायेगा। हाईकोर्ट बिलासपुर ने गत दिवस इस आशय का आदेश पारित किया।

डेवू पॉवर इण्डिया लिमिटेड ने वर्ष 2009 में हाईकोर्ट बिलासपुर में पीटिशन (सिविल) क्र.-5840/2009 दाखिल किया था। यह प्रकरण एक दशक से भी अधिक समय से विचाराधीन था। गत वर्ष 2021 में हाईकोर्ट ने डेवू पॉवर को राज्य शासन के समक्ष अपना पक्ष रखने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद राजस्व विभाग ने रिसदी गांव के किसानों को आर्जित भूमि से हाईकोर्ट का आदेश बताकर बेदखल करने का प्रयास किया था। किन्तु ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद उसे विफल होना पड़ा था। बाद में स्पष्ट हुआ था, कि हाईकोर्ट ने किसानों को बेदखल कर डेवू पॉवर को भूमि का कब्जा दिलाने का कोई आदेश पारित नहीं किया था।

बहरहाल अब एक वर्ष बाद इस मामले में डेवू पॉवर ने हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर दोनों पक्षों में सहमति की जानकारी देते हुए प्रकरण को आर्बिटेशन में भेजने का आग्रह किया।

सीएसआर के अंतर्गत ब्यूटीशियन प्रशिक्षण

कोरबा। एनटीपीसी कोरबा ने अपने सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाते हुए युवतियों के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण आरंभ किया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवतियों को प्रशिक्षित कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनटीपीसी सीएसआर एवं अमभुजा सीमेंट फ़ाउंडेशन की साझेदारी से शुरू की गयी है। यह प्रशिक्षण परियोजना प्रभावित गावों की युवतियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सहायक हेयर ड्रेसर और स्टाइलिस्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमति निवेदिता बसु ने किया। इस कार्यक्रम से कुल 20 युवतियों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है तथा प्रशिक्षण 3 महीने तक चलेगा। उद्घाटन के अवसर पर मैत्री महिला समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी तथा सदस्याओं के अलावा मिथुन पालीवाल क्लस्टर समन्वयक, एसीएफ , परियोजना अधिकारी, कृषि एवं एनटीपीसी कोरबा सीएसआर व एसीएफ के अधिकारी गण उपस्थित थे।

जमीन के मूल स्वामी को मृत घोषित कर एसईसीएल में हासिल की नौकरी

कोरबा। जमीन के मूल स्वामी को मृत बताने के साथ ही महिला को फर्जी मां और पुत्री बताते हुए साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल में नौकरी अर्जित कर ली। न्यायालय के आदेश उपरांत 29 साल पुराने मामले की जांच की गई और 17 लोगों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

सीएसईबी चौकी अंतर्गत मानस नगर निवासी प्रेम लाल साहू पिता हीरा लाल साहू व लोमेश तिवारी पहले से परिचित थे। लोमेश तिवारी द्वारा सन 1993 में प्रेमलाल को जमीन खरीदने व जमीन अधिग्रहण पश्चात एसईसीएल में नौकरी लगाने का प्रलोभन दिया गया। प्रेम ने लोमेश के माध्यम से चमरा दास पिता मिलाप दास की 10 डिसमिल भूमि ग्राम ढेलवाडीह में खरीदा था। इस बीच लोमेश ने प्रेमलाल से कहा कि तीन वर्ष की प्रक्रिया उपरांत नौकरी लग जाएगी। वर्ष 1993 से अधिग्रहण की गई भूमि के एवज में वर्ष 2010 तक नौकरी नहीं लगी। एसईसीएल कार्यालय जाकर प्रेमलाल ने जानकारी हासिल की। तब मामला सामने आया। लोमेश तिवारी द्वारा धोखाधड़ी कर कागजातों में प्रेमलाल साहू को ब्राम्हण बताते हुए मृत बता दिया। इसके साथ ही अपनी चचेरी बहन कुमुद तिवारी को फर्जी रजनी तिवारी बनाकर प्रेम की पुत्री बता दिया। तदुपरांत प्रेम के खाते की भूमि को फर्जी रजनी के नाम पर चढ़ा दी। साथ ही उसके पति रवि शंकर तिवारी को प्रेमलाल की जगह नौकरी लगा दिया गया। फर्जी रजनी तिवारी को सीतामढ़ी का निवासी बताया। इतना ही नहीं कूट रचित ढंग से दस्तावेज तैयार कर बहन कुमुद को बसंत कुमार पांडेय की मां बनाकर कुमुद की जमीन पर नौकरी लगा दिया। फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिए लोमेश ने जमीन खरीदी करने फर्जी गवाह लाल सिंह, इतवार सिंह बनाकर बिक्री नामा का दस्तावेज तैयार किया। फर्जी रजनी तिवारी को वास्तविक प्रमाणित करने ढेलवाडीह से मतदाता कार्ड बनवाया। इसमें फर्जी गवाहों परस राम पटेल, राकेश साहू, लक्ष्वनतिन, रवि कुमार,जय चौहान का सहारा लिया गया। मामले की जांच उपरांत सीएसईबी चौकी प्रभारी एसआई नवल साव ने धारा 419, 420, 463, 464, 467, 468, 469, 474, 120 बी, 500 के तहत 17 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। इनमें लोमेश तिवारी, कुमुद तिवारी, रजनी तिवारी, बसंत कुमार पांडेय, बिरस बाई खुटे पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुरियारी रोशन कश्यप, सरपंच पति भागवत प्रसाद पटेल, लाल सिंह, पार्षद बंशीलाल महिलांगे, शिव गणेश सिदार भूतपूर्व सरपंच ग्राम कसरेंगा, पटवारी बुधवार, परसराम पटेल, राकेश साहू, लक्ष्वनतिन, रवि कुमार, जय चौहान सभी निवासी सीतामणी को आरोपित बनाया है।

सहायक संचालक ने स्कूलों का दौरा कर किया निरीक्षण

कोरबा। राज्य अनुसंधान केंद्र संस्थान रायपुर की डीपीओ व कोरबा जिले की प्रभारी डा विघावंती चंद्राकर सहायक संचालक ने बरीडीह, कुदुरमाल, तिलकेजा व बरपाली के स्कूलों का दौरा कर निरीक्षण किया।

स्कूलों में शासकीय अकादमी शैक्षणिक कार्यक्रम नवाजतन एफएलएन बुनियादी साक्षरता भाषा ज्ञानए उपलब्धि लोक शिक्षण संचालन की गतिविधियों को लेकर डीपीआई पूरे राज्य के सभी जिलों में जांच कर रही है। इसमें सभी को एक. एक जिले का प्रभार दिया गया है जो भ्रमण कर रिपोर्ट देगी। तीन दिवसीय दौरे के दौरान करतला विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बरपाली पहुंचने पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुखदेव कैवर्तए बीआरसी करतला अजय तिवारी प्रधानपाठक लालसिंह कंवरए लतीफ खान अंसारीए संकुल शैक्षणिक समंवय रामपुर समेत विघालय के शिक्षक. शिक्षिकाओं टेकेश्वर सिंह कंवर शिक्षक बिंझकोट ने स्वागत किया। इस दौरान सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल पूछे, जिस सभी बच्चों ने जवाब दिया। उन्होंने बैजानीहपीनाला के बारे में बच्चों से प्रश्न पूछेए जिस पर उनको इस शब्द में सप्तरंगी रंगो का उल्लेख होना बताया। जिस पर इन शब्दों के पीछे और रंग है उसके संबंध में शिक्षकों से प्रश्न पूछने को कहा। वहीं उन्होंने बच्चों से व्यवहारिक ज्ञान के संबंध में भी प्रश्न पूछे। कक्षा पहली व दूसरी में उच्च कक्षा के विघार्थियों के बैठने पर उनकी लंबे दिनों से विघालय न आ पाने के कारण उनकी शिक्षण में सुधार हेतु ज्ञान की बात कही।

उन्होंने कहा कि यह अच्छी परंपरा है कि उनके उच्चतम शिक्षण पर बच्चों को आगे करने एवं बढ़ाने के काम किया गया है ताकि उनकी ज्ञान में पुन: पढाई के प्रति जागरूकता पैदा हो सके। इस दौरान शिक्षिका मधु भारद्वाज से आज पढाए गए सवाल पूछे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

कलेक्टर साहू ने सड़क सुरक्षा कार्यों की ली समीक्षा बैठक

- संभावित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा के इंतजाम के दिए निर्देश

कोरबा। कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सडक़ सुरक्षा कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में सडक़ दुर्घटना के कारणों और सुधारात्मक उपाय की समीक्षा की। कलेक्टर साहू ने संभावित दुर्घटना जन्य वाले सडक़ों की पहचान कर ऐसे स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने और दुर्घटना को रोकने आवश्यक सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले के सडक़ों में सर्वाधिक दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट की पहचान कर लोगों को सावधान रहने और नियंत्रित गति में वाहन चलाने के लिए जागरूक करने के भी निर्देश दिए। ऐसे स्थानों में दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही नियंत्रित गति में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए भी आमजनों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही सडक़ दुर्घटना रोकने के लिए लोगों को शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के लिए भी जागरूक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने तीव्र मोड़ वाले जगहों पर वाहन चालकों को सावधान करने आवश्यक रिफलेक्टर और चेतावनी बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्रामीण एवं जिला मार्गो के संगम स्थल पर भी रबर स्ट्रीप, संकेतक तथा रेडियम युक्त पेंट आदि कराने के निर्देश भी पीएमजीएसवाय तथा मुख्यमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर साहू ने कहा कि जिले में आम नागरिकों को हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करने तथा सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम चौपाल के जरिए नागरिकों को सडक़ दुर्घटना के बचाव के लिए जागरूक करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिलों में सडक़ सुरक्षा के लिए जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से किया जाना चाहिए। साहू ने निर्देश दिए कि यातायात के नियमों के प्रति विद्यार्थियों एवं पालकों में अधिक जागरूकता लाने के लिए क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाना चाहिए। बैठक में एडीएम सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय, जिला परिवहन अधिकारी शशीकांत कुर्रे सहित पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारीगण शामिल हुए।